# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 27 अप्रैल, 2025 CRACKDOWN BULANDSHAHR थाना गुलावठी

## मोटर चोरी करने वाले शातिर बदमाशों के साथ थाना गुलावठी पुलिस टीम एवं स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, चोरी किया गया सामान व पिकअप वाहन बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 26/27.04.2025 की रात्रि को थाना गुलावठी पुलिस टीम व स्वाट टीम फकाना नहर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक संदिग्ध पिकअप वाहन तेजी से आता हुआ दिखायी दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, नहीं रुके बल्कि वाहन को तेजी से भगाने लगे, कुछ दूरी पर पुलिस टीम से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको उसके 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. इस्तकार उर्फ इस्ते पुत्र इंसाफ अली निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़(घायल) 2. सद्दाम पुत्र शकावत निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ के रुप में हुई हैं, घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, चोरी किया गया सामान व पिकअप वाहन बरामद हुए है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के चोर हैं जिनके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 13.04.2025 व दिनांक 20.04.2025 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत मोटर चोरी करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं 156/25 धारा 303(2)/324(4) बीएनएस व मुअसं 158/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है, जिसमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता-

1. इस्तकार पुत्र इंसाफ अली निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़(घायल)।
2. सद्दाम पुत्र शकावत निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।

### बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 अवैध चाकू।
3- 01 पिकअप वाहन (रजि0 नं0-UP-15HT-2125)
4- 18 किलो तांबे का तार व 16 लोहे के गार्टर।

### अभियुक्त इस्तकार का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं 227/2016 धारा 376/523/506 भादवि थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
2. मुअसं 280/2019 धारा 3/8 गौ0अधि0 थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
3. मुअसं 87/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
4. मुअसं 156/25 धारा 303(2)/324(4) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं 158/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं 342/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअसं 245/25 धारा 303(2)/324 बीएनएस थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
8. मुअसं 169/25 धारा 109/303(2)/324(4)/317(2)/317(4) बीएनएस व धारा 3/4/25/27 आयुध अधि0 थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**अभियुक्त सद्दाम का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 33/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
2. मुअसं 156/25 धारा 303(2)/324(4) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं 158/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं 342/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं 245/25 धारा 303(2)/324 बीएनएस थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
6. मुअसं 169/25 धारा 109/303(2)/324(4)/317(2)/317(4) बीएनएस व धारा 3/4/25/27 आयुध अधि0 थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं 169/25 धारा 109/303(2)/324(4)/317(2)/317(4) बीएनएस व धारा 3/4/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**-

1- श्रीमती सुनीता मलिक प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी।

2- उ0नि0 संजीव कुमार, उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 अक्षय भारद्वाज, उ0नि0 राहुल जावला।

3- है0का0 मनोज कुमार, है0का0 मोहित कुमार,है0का0 शेखर यादव, का0 कपिल कुमार।

**स्वाट टीम**-

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम।

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी,है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।






**मीडिया सेल बुलंदशहर**